Bareilly, Sunday,
3 December 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 04, TOP RIGHT

एसआरएमएस में जेस्ट 2023 की धूम

BAREILLY (2 Dec): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में शनिवार को दो दिवसीय 'वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2023' का समापन सूफी रॉक बैंड 'रॉकनामा बैंड' की प्रस्तुति से हुआ. सिंगर शाहीन सलमानी की आवाज से सजे गानों ने सर्द होती शाम का अहसास भुला दिया. स्टार नाइट में उपस्थित विद्यार्थी और अन्य सभी गणमान्य लोग रात गहराने तक झूमते रहे. इससे पहले श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन व अध्यक्ष देव मूर्ति ने जेस्ट 2023 में आयोजित सभी 38 सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए. मुख्य गायिका शाहीन सलमानी देर शाम जब स्टेज पर पहुंची तो विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका वेलकम किया. उन्होंने फिल्म कबीर सिंह के चर्चित गाने कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ से प्रोग्राम की शुरुआत की. पहले ही गाने पर स्टेज के नीच मौजूद सभी लोगों ने उनका साथ दिया और अपने प्यार में खोते चले गए. इसके बाद तो शाहीन सलमानी ने हालिया चर्चित हुए पाकिस्तानी गायक अली सेठी और शाई गिल के गाने अग लावां मजबूरी नूं, आन जान दी पसूरी नू... गाकर माहौल में और भी रूमानियत घोल दी.